हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026



## ऑनलाइन सट्टा का गिरोह पकड़ाया, 10 करोड़ के लेन-देन का खुलासा

### हरियाणा के गुरुग्राम में दबिश देकर केसीजी पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

केसीजी जिले में विगत दिनों ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामले में की गई कार्रवाई के आधार पर मिले इनपुट के सहारे गिरोह के पांच अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता पाई है। मुखबीर की सूचना के आधार पर टीम ने इन पांच आरोपियों को हरियाणा राज्य के गुरुग्राम इलाके से पकड़ा है।

इन आरोपियों में प्रदेश के भिलाई व सक्ती जिले के अलावा बिहार के दरभंगा के दो लोग शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों के बैंक खातों से लगभग 10 करोड़ का लेन-देन का खुलासा हुआ है।

केसीजी जिला एसपी लक्ष्य शर्मा के नेतृत्व में अवैध गतिविधियों एवं जुआ-सट्टा पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत पूर्व में थाना छुईखदान क्षेत्रांतर्गत ऑनलाइन जुआ खेलने वाले व्यक्ति के विरूद्ध अपराध क्रमांक 187/25 धारा 6, 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 कायम कर 8 आरोपियों को ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से जुआ-सट्टा खेलाते पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। इस मामले में अन्य आरोपियों की पतातलाश तकनीकी साक्ष्य के आधार पर की जा रही थी। जिनके बारे में पुख्ता जानकारी गुरुग्राम हरियाणा क्षेत्र में होने के बाद पुलिस टीम केसीजी द्वारा लगातार सघन जांच व तलाशी पश्चात आरोपियों को मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में गेमिंग ऐप संचालित करना पाए जाने से दबोचा गया।



#### आठ से दस करोड़ का लेनदेन पकड़ाया

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा ऑनलाइन सट्टा गेमिंग एप संचालित कर लोगों को रुपए-पैसे का दांव लगाकर सट्टा खिलाना स्वीकार किया गया। पुलिस को गुमराह करने व बचने के लिए शिवा बुक का नाम बदलकर 100 पैनल एवं फेयर प्ले के नाम से ऑनलाइन बैटिंग एप से ऑनलाइन जुआ खेला रहे थे। ऑनलाइन जुआ-सट्टा खेलाने में प्रयुक्त बैंक खातों की जांच करने पर लगभग 8 से 10 करोड़ का लेनदेन करना पाया गया है।

#### नगद सहित लैपटॉप जब्त

खैरागढ़ जिला पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के तहत आरोपियों से नगदी रकम के अलावा आधुनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं। पुलिस रिकार्ड के अनुसार आरोपियों से नगदी रकम 22000 रुपए एवं बैंक खातों में 91175 रुपए कुल 113175 रुपए जब्त किए गए। इसके अलावा 19 मोबाइल फोन, दो लैपटाप, 3 एटीएम कार्ड, 1 वाई-फाई राउटर के साथ ही 14 सिम कार्ड जुमला कीमती 498175 रुपए की जब्ती की गई है।

#### यह आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जिनमें भिलाई सहित बिहार के दरभंगा के लोग शामिल हैं। आरोपियों में देवेंद्र सिंह पिता ओंकार सिंह पता शांतिनगर भिलाई, हर्ष प्रजापति पिता संतोष प्रजापति पता सुपेला भिलाई, राजा मुखिया पिता विनोद मुखिया पता ग्राम धमसायींन जिला दरभंगा बिहार, मोतीलाल श्रीवास पिता बजरंग श्रीवास पता ग्राम मंद्रगोढ़ी जिला सक्ति और उमेश मुखिया पिता डोमी मुखिया पता जिला दरभंगा बिहार शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** चाकू लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने के



मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 19 जनवरी को रात्रि में पेट्रोलिंग के दौरान चिखली हनुमान मंदिर के पास एक व्यक्ति द्वारा चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी तुलसी उर्फ छोटू शर्मा 28 साल चिखली दीनदयाल नगर अटल आवास चौकी को मौके पर धारदार चाकू लहराते रंगे हाथ पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

### अशांति फैलाने पर भी लिया एक्शन

इसी प्रकार अभियान कार्रवाई में 19 जनवरी को रात्रि में मोहल्ले के लोगों के साथ झगड़ा-विवाद कर अशांति फैलाने वाले सुधीर नायडू 19 साल साकिन दीनदयाल नगर अटल आवास व योगेश कुमार मड़ामे 27 साल साकिन शांतिनगर अम्बेडकर चौक को शांतिभंग करने के अंदेशा पर गिरफ्तार कर पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

## नाबालिग से कुकर्म, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 18 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 जनवरी को सुबह 9 बजे से उसकी नाबालिग बेटी घर पर नहीं है, आसपास रिश्तेदारों में पता किया, नहीं पता चला, कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसला कर कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में गुम नाबालिग का पता तलाश हेतु टीम रवाना किया गया। पीड़िता को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल में आर्यन डकहा से रात्रि में बरामद किया गया। पीड़िता से पूछताछ करने पर बताई कि दुर्ग



के भूषण साहू से सोशल मीडिया के माध्यम से परिचय हुआ, जो 12 जनवरी को डोंगरगढ़ में मुलाकात करने बुलाया था और दुष्कर्म कर दुर्ग स्टेशन में ले जाकर छोड़ दिया। कुछ दिन दुर्ग स्टेशन में रही और वापस घर आ रही थी, तब 17 जनवरी को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में आर्यन डकहा मिला, जो उसे बहला-फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड हेतु पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया।

## ट्रैक्टर चोरी, पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

ट्रैक्टर चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने एक अपचारी बालक सहित 5 आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत 14 जनवरी को प्रार्थी जीवनलाल पटेल निवासी खुर्सीपार द्वारा थाना गैंदाटोला में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके घर के सामने खड़ा स्वराज 735 ट्रैक्टर कीमती 3,50,000 रुपए को रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना में धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक अपचारी बालक को पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में बताया कि उसने योगेश साहू, देवेन्द्र साहू, यशवंत कुमार नेताम एवं अजय कुमार के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना



में प्रयुक्त स्वीफ्ट डिजायर कार ग्राम साकरदाहरा थाना डोंगरगांव के पास मिली। जिसमें चारों आरोपी सवार थे। कड़ाई से पूछताछ करने पर चारों आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के मेमोरण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त स्वीफ्ट डिजायर कार एवं पेंचकस जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। अपचारी बालक को पृथक से किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

**ट्रैक्टर जंगल क्षेत्र से बरामद** : मामले की जांच के लिए थाना गैंदाटोला पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज एवं मुखबीर सूचना के आधार पर ट्रैक्टर को ग्राम खुर्सीपार चिरपोटा जंगल क्षेत्र से बरामद किया गया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➔ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➔ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➔ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➔ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## नेताओं ने कहा- प्रावधान बदलने से मजदूरों को नुकसान

# मनरेगा में बदलाव पर भड़के कांग्रेसी, आंदोलन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गण्डई पंडरिया

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के नाम और प्रावधानों में किए गए बदलाव के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई के तत्वावधान में ग्राम पंचायत भुरभुसी में मनरेगा बचाव आंदोलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विधायक भी शामिल हुई।



बैठक की शुरुआत में नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल का कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर और गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने नए नेतृत्व के साथ संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों की इस महत्वपूर्ण योजना का मूल स्वरूप बिगाड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रावधानों में बदलाव से ग्रामीणों के रोजगार पर संकट खड़ा होगा, जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रभारी लाल टारकेश्वर शाह खुसरो और संजू चंदेल ने भी केंद्र की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि जल्द ही इस मुद्दे को लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। बैठक में रमेश साहू, रिखीराम पटेल, कामदेव जंघेल, रणजीत चंदेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन, शैलेंद्र जायसवाल, पार्षद तामेश्वर साहू, हेमलता ठाकुर, टीकम साहू, ताराचंद साहू, बेदराम वर्मा, दिनेश रजक, हुलेश साहू, गोवर्धन साहू, भाईलाल कुर्रे, तिलक साहू, आत्मा वर्मा और संतोष साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रस्ताव पर अमल नहीं होने से नाराज

**डोंगरगढ़।** भाजपा कोर कमेटी की बैठक गत दिनों आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी शामिल हुए। बैठक में विधानसभा के सभी 6 मंडल डोंगरगढ़ शहर, डोंगरगढ़ ग्रामीण, पांडादाह, घुमका, तिलई, ठेलकडीह के अध्यक्ष, महामंत्री, पूर्व विधायक आदि शामिल हुए। जिला संगठन ने प्रत्येक मंडल से विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए। बैठक में मंडल अध्यक्षों ने सत्ता एवं संगठन के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में कई बार इस प्रकार के प्रस्ताव दिए गए परन्तु आज तक स्वीकृति नहीं मिली है जिससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं जनता में आक्रोश एवं निराशा है। विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगना और फिर कार्यवाही शून्य रहने के पीछे पार्टी की गुटबाजी को अहं माना जा रहा है। बीते दो साल में नगरपालिका एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नए विकास कार्य दिखाई नहीं पड़ रहे हैं।

# कांग्रेस नेता मजदूरों के साथ उतरे कार्यस्थल पर, खुद चलाया फावड़ा

## मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम ढोढ़िया और लिटिया में मनरेगा मजदूरों के बीच पहुंचकर कार्यस्थल पर संवाद किया। इस दौरान जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार और कांग्रेसजनों ने मजदूरों के साथ खुद फावड़ा चलाया। मिट्टी ढोकर फेंकी और श्रम कर मजदूरों का हाथ बंटाया। कार्यस्थल पर मौजूद मनरेगा मजदूरों से सीधा संवाद करते हुए कांग्रेस नेताओं ने उनकी समस्याएं सुनी और जमीनी हकीकत को करीब से समझा।

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने मजदूरों से चर्चा करते हुए मनरेगा अधिनियम के तहत मिलने वाले अधिकारों, रोजगार की गारंटी और योजनागत ढांचे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों की आजीविका और सम्मान से जुड़ा कानून है।

### सीधे-सीधे गरीबों पर हमलाः जीतू

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि मनरेगा मजदूरों के अधिकारों में कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रोजगार के दिन घटाना, मजदूरी भुगतान में देरी और योजनाओं को कमजोर करना सीधे-सीधे गरीबों पर हमला है। मजदूरों को न्यूनतम 400 रुपए की मजदूरी मिलनी चाहिए। जबकि नई योजना में सरकार यह अधिकार भी छीन रही है। कांग्रेस मनरेगा को कमजोर करने के हर प्रयास के खिलाफ सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के माध्यम से गांव-गांव जाकर मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### कार्यकर्ता की रही उपस्थिति

इस अवसर पर राजनांदगांव ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य रोहित चंद्राकर, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन भानुशाली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, दिल्लू साहू, गोपीचंद गायकवाड़, वीरेंद्र चंद्राकर, हेमंत बंजारे, नीलम वर्मा, बीसेदास मारकंडे, जुगरु मंडले, किशन वर्मा, तिरथ पटेल, नीलम यादव, केजु साहू, मंगलू साहू, लिखन साहू, मेघनाथ साहू, डेरहा निषाद, देशु विश्वकर्मा परस साहू, महेश दिवाकर उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सांसद ट्रॉफी क्रिकेट स्पर्धा 24 से

**खुज्जी।** अंचल में आयोजित होने वाली सांसद संतोष ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियाँ अब अंतिम चरण पर हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 जनवरी को होगा। आयोजन समिति के प्रमुख कैलाश शर्मा के मार्गदर्शन में समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने जुटी है। उन्होंने बताया कि स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 1 लाख, द्वितीय 51 हजार और तृतीय पुरस्कार 11 हजार दिया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों का मैच टाइम-टेबल तैयार किया जा रहा है।

### कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 30 से

**पटेवा।** इरईकला के कबीर आश्रम में आगामी 30 जनवरी से 1 फरवरी तक कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में संत अभय साहेब, कहलगांव, संत अचल साहेब करखड़ी संत मंडली के साथ शामिल होंगे।



प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे, दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे तक भजन प्रवचन होगा। आयोजक समिति के संत विजय साहेब एवं सुबोध साहेब ने सत्संग का लाभ उठाने की अपील नागरिकों से की है।

### राका मड़ई 22 को

**डोंगरगढ़।** ग्राम राका में आगामी 22 जनवरी को मंड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में धरती के सिंगार भोथीपार का कार्यक्रम रखा गया है। यहां जानकारी सरपंच प्रदीप कंवर, गोकुल सिन्हा ने दी।

### खड़गांव में मड़ई आज

**खड़गांव।** ग्राम में कल 21 जनवरी को मंडाई का आयोजन किया गया है। मंडई के दो दिन पहले पहुंचानी होता है जिसके अंतर्गत जिनके घरों में माता आती है वह सफेद वस्त्र धारण कर विधि-विधान से डांग डोरी का पूजा अर्चना करते है। पहुंचानी करते हुए डांग डोरी को शीतला माता मंदिर में रखा जाता है। मंडई के दूसरे दिन पूजावन कार्यक्रम होता है जिसके अंतर्गत पहुंचानी वाले दिन की सभी सामग्री को एकत्रित करते हुए माता शीतला मंदिर में रखा जाता है। पूजा अर्चना करते हुए पूजावन कार्यक्रम होता है और मंडई वाले दिन डांग डोरी के साथ रैली निकाल कर गांव का भ्रमण किया जाता है। दोपहर से रात्रि तक मंडई का आयोजन होता है। ग्राम की मंडई पूरे क्षेत्र में मशहूर है। इस दिन लाखों का व्यापार होता है।

# ताज एग्रो ने जीती ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डीसीएल सीजन 5 के टूर्नामेंट में ताज एग्रो ने ट्राफी पर कब्जा जमाया। उपविजेता देशपांडे डायनामाइट रही। टूर्नामेंट में 10 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच ताज एग्रो वर्सेस देशपांडे डायनामाइट के बीच खेला गया।



टॉस जीत कर देशपांडे डायनामाइट ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। ताज एग्रो ने बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 94 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए देशपांडे डायनामाइट 9.5 ओवर में 77 रानी बनाकर ऑल आउट हो गई। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच ताज एग्रो के आकाश साहू रहे। डीएसएल सीजन 5 के मैन ऑफ द सीरीज सुमित धमगाए रहे जिन्होंने 6 मैचों में 214 बनाएं और 16 विकेट लिए। बेस्ट बल्लेबाज संदीप गहरवाल और बेस्ट बॉलर रवि यादव रहे। विजेता ताज एग्रो को 66666 नगद विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे और अक्षय ब्राह्मणकर, उप विजेता देशपांडे डायनामाइट को 44444 नगद कांग्रेस नेता नवाज खान की ओर से दिया गया। इस दौरान डीसीसी क्लब के राजेश कश्यप, विजयसिंह, निखिल जैन, राकेश जोगा, अक्षय चौरडिया, रजत देशपांडे, जतिन अग्रवाल, संदीप सिंह गहरवाल, कुणाल कश्यप, वेदांत तिवारी, ऋषि शर्मा मौजूद थे।

# आध्यात्मिक आनंद की प्रतीक है रासलीला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामाटोला

ग्राम में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। मंगलवार को कथा स्थल भक्तिरस एवं आध्यात्मिक आनंद से सराबोर रहा। भागवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने महारास, गोवर्धन लीला एवं रुक्मिणी मंगल की कथा का वाचन किया। महारास लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि यह लीला भगवान श्रीकृष्ण एवं गोपियों के मध्य आत्मिक प्रेम, निष्काम भक्ति एवं जीवात्मा–परमात्मा के मिलन का सर्वोच्च प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि महारास सांसारिक नहीं बल्कि शुद्ध आध्यात्मिक आनंद की अभिव्यक्ति है। गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को छोटी अंगुली पर उठाकर इंद्र के अभिमान को चूर किया। अंत में रुक्मिणी मंगल का भावपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किया गया। इस दौरान पोषण वर्मा, रजनू वर्मा, जगनू वर्मा, बंटी वर्मा, बनवारी वर्मा, शिशुपाल वर्मा, कुंभलाल वर्मा, अमरचंद वर्मा, हरिचंद वर्मा, भगवती वर्मा, दुर्गा देवांगन, देव सिन्हा सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# वस्त्रदान अभियान, गांव के जरूरतमंदों को बांटा गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



वस्त्रदान समिति द्वारा अभावग्रस्त एवं जरूरतमंद परिवारों तक लगातार सेवा पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश संयोजक डॉ. अविनाश तिवारी के मार्गदर्शन में जिला वस्त्रदान समिति द्वारा यह मानवीय अभियान संचालित किया जा रहा है।

समिति ने गत 18 जनवरी को आदिवासी बाहुल्य ग्राम खाम्ही एवं हाथीझोला पहुँचकर वस्त्र वितरण किया। अभियान के तहत लगभग 205 नए कंबल, गर्म कपड़े, दैनिक उपयोग के वस्त्र, बच्चों के वस्त्र तथा प्रत्येक महिला को साड़ी दी गई। इस पहल से लगभग 150 परिवारों को लाभ प्राप्त हुआ।

### जनसहयोग से सेवा अभियान

अभियान पूर्णतः जनसहयोग पर आधारित है। इसका श्रेय उन दानदाता परिवारों और समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है, जो निःस्वार्थ भाव से वस्त्रों को अंतिम हितग्राही तक पहुँचा रहे हैं। इस अभियान में रूपेश देवांगन, गोविंद सोनी, जहीन खान, वंदना दांडेकर, नीलमसिंह राजपूत, आमीन खान, उत्तम बागड़े, शमशूल होदा खान, दिनेश दांडेकर, रूपेंद्र रजक, राजू यदु, राजूदास मानिकपुरी, संजीव धुर्वे, दादू चंद्राकर, सीमा खान, शिल्पी विश्वास ने हिस्सा लिया।

# विज्ञान मेला में दिखी बच्चों की रचनात्मक सोच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी



प्राथमिक शाला ठेकवा में भी कलाम विज्ञान मेला का आयोजन किया गया।

यह विज्ञान मेला संकल्प एक प्रयास के चयनित प्रोजेक्ट अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें सुंदरा, ठाकुरटोला, ठेकवा, अचानकपुर भाटापारा एवं फरहद से आए लगभग 30 -35 बच्चों ने अपने वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों के साथ उनके शिक्षक भी उपस्थित थे। इस मौके पर महिलाओं को महावारी स्वच्छता की जानकारी देकर पैड वितरण किया गया। कार्यक्रम में फेलो विनीता कश्यप, गरिमा कोऑर्डिनेटर खुशबू, मेंटोर एबीजी फेलो रेणुका वर्मा, गरिमा फेलो भारती बंजारे एवं एडमिन देवेंद्र, दिव्या जिला कोऑर्डिनेटर, टॉलमी जॉली, जॉली मेडम, अपुप मिश्रा, शालिनी यादव, शालिनी साहू, जयश्री साहू, अपूर्वा सर्वा आदि उपस्थित थे।

मेले में सूर्य, पृथ्वी, चंद्रमा, ग्रीन हाउस, प्रकाश, ध्वनि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, स्वच्छता आदि पर आधारित मॉडल प्रदर्शित किए गए। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# गुहा जयंती और आदर्श विवाह समारोह 22 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निषाद समाज परिक्षेत्र सांकरदाहरा एवं पंचगईहा चारभाठा कुल्हाडी.के तत्वावधान में श्री राम भक्त गुहाराज निषाद जयंती समारोह 22 जनवरी को श्री राम जानकी मंदिर धनगांव प्रांगण में आयोजित किया गया है।

मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी निषाद ने बताया कि इस अवसर पर सीमा सुपुत्री सेतलाल निषाद ग्राम मोखली का चि. नोयल सुपुत्र बलराम निषाद ग्राम चांदो के साथ आदर्श विवाह होगा। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे होंगे। अध्यक्षता गौतरिहा निषाद करेंगे । विशेष अतिथि जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला अध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, गिरधर निषाद, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, हिरेन्द्र साहू, कैलाश शर्मा, बोधन साहू, हिरदे देवांगन, अनिरुद्ध चंद्राकर, सुंदर साहू, कोमल सिन्हा, प्रीतराम साहू, मुरारी निषाद, तारमलाल निषाद, दिनेश शाबला, रामकुमार विश्वकर्मा, गजेन्द्र दास वैष्णव, पुनम साहू, बिसौहा राम धुर्वे, नानक राम चंद्रवंशी उपस्थित रहेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिहा निषाद, महासचिव तारमलाल निषाद, भागवत निषाद, हरिश साबला, गरीबा निषाद, लिलेन्द्र निषाद, रामाधार निषाद ने सामाजिकजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### कैंसर जांच शिविर 25 तक

**राजनांदगांव।** जिला स्वास्थ्य समिति एवं बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 25 जनवरी तक सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में सुरक्षा चक्र के तहत निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मेमोग्राफी मशीन, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रश साइटोलॉजी), स्त्री रोग संबंधी परीक्षण (पेप स्मीयर) सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध रहेगी।

**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, खैरागढ़ सिविल जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक - क / व्य.न्या.व.श्रेणी / 2026 — प्रोसेस क्र. 08/2026
खैरागढ़ दिनाँक 20.01.2026 — पेशी तारीख 07.02.2026

**उत्तराधिकार प्र.क्र. 28/2025 सोमनाथ साहू वगैरह, विरूद्ध आम जनता वगैरह**

अदालत बनाम

**सायल–** 1. सोमनाथ साहू पिता स्व. डेरहा साहू, उम्र 51 वर्ष, 2. तोरण साहू पिता स्व. डेरहा साहू, उम्र 41 वर्ष, 3. छबीलाल साहू पिता स्व. डेरहा साहू, उम्र 36 वर्ष। सभी निवासी ग्राम चकनार, तह. व थाना गण्डई, जिला केसीजी, छ.ग. -आवेदकगण

// विरूद्ध //

1. आम जनता (जिसका कि इससे संबंध हो), 2. शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा गण्डई, तह. गण्डई, जिला के.सी.जी., छ.ग. -अनावेदकगण

**बनाम- आम जनता (जिसका कि इससे संबंध हो)**

यह कि आवेदकगण मृतिका स्व. लगनीबाई साहू पति स्व. डेरहाराम साहू के वैध उत्तराधिकारी हैं। मृतिका स्व. लगनीबाई साहू की मृत्यु दिनांक 09.06.2025 को एवं उनके पति स्व. डेरहाराम साहू की मृत्यु दिनांक 10.08.2023 को हो चुकी है।

मृतक मृतिका स्व. लगनीबाई साहू (नामिनी पति स्व. डेरहाराम साहू) के नाम पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा गण्डई, जिला केसीजी, छ.ग. के बैंक खाता क्रमांक-602012057321 में 84,686.00/- (चौरासी हजार छह सौ छयासी रूपये) जमा है के बाबत इस न्यायालय में अभ्यर्थना-उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत यह वाद पेश किया गया है।

क्योंकि इस दरख्वास्त की सुनवाई दिनांक 07.02.2026 के दिन 11:00 बजे होगी। अतः हम तुम्हे ताकिद करते हैं कि यदि मुतवक्फी के जायदाद में तुम्हे कुछ हक हासिल हो ऐसा तुम दावा रखते हो तो, तुम उस तारिख को हक की कैफियत के साथ हाजिर हो जाओ और यदि तुम हाजिर ना होओगे तो उस दरख्वास्त की सुनवाई तुम्हारी गैर हाजिरी में होगी। उक्त दिनॉक को न्यायालय में अवकाश घोषित होने पर प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 20.01.2026 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

मोहर

(श्रीमती निषि शर्मा)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, खैरागढ़
सिविल जिला-राजनांदगांव

# डोंगरगढ़ में बौद्ध सम्मेलन 6 को

**डोंगरगढ़।** प्रज्ञागिरी तीर्थ क्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन को लेकर ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक का आयोजन गत दिनों किया गया।



बैठक में आगामी 6 फरवरी को बौद्ध सम्मेलन के आयोजन पर चर्चा की गई। प्रज्ञागिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने बताया कि इस सम्मेलन में देश-विदेश के धम्म गुरु एवं हजारों बौद्ध अनुयाई शामिल होंगे। आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। बैठक में शैलेंद्र डोंगरे, धन्नालाल गणवीर, सुरेश सहारे, सुनील नागदौने, संजय रामटेके, शुभम बौद्ध, प्रमोद टेम्बुलकर, विकास खांडेकर, अनिल मेश्राम, बादल वाल्दे, चंद्रशेखर बोरकर, धम्मकीर्ति नंदेश्वर, सुरेंद्र अंबादे, वामन कांडे, संगीता टेंबुरकर, करुणा गजभिये, लता सहारे, ललिता जनबंधु, ललिता साखरे, नीता इंदुलकर, रजनी रामटेके, नम्रता मेंडे, उज्जवला, निधि चन्द्रिकापुरे, श्यामकर, ममता शिंदे, निधि चन्द्रिकपुरे, खिलेश्वरी गेडाम, स्वाति रामटेके सहित अन्य उपस्थित थे।

# नबीन के निर्वाचन पर मनाया जश्न

**गंडई पंडरिया।** भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी नितिन नबीन के निर्विरोध भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में तिरंगा चौक पर एकत्रित होकर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान जमकर नारेबाजी किया। तिरंगा चौक भगवामय नजर आया और उत्सव जैसा माहौल रहा। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नितिन नबीन का छत्तीसगढ़ से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके प्रदेश प्रभारी रहते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी, और अब उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से संगठन को पूरे देश में नई ऊर्जा मिलेगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, नर्मदा मंडल अध्यक्ष आंनद पटेल, खम्हन ताम्रकार, जीवनदास रात्रे, राकेश ताम्रकार, राजू जंघेल, मंगल जैन, लीलाराम साहू, भानुप्रताप साहू, राकेश टंडन, तसिल पटेल, यतीश कुंजाम, सावंत देवांगन, टुमन साहू, दूजेराम वर्मा, अशोक देवांगन, सेवक जंघेल, सुरेश साहू, रामू मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे।



# वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुति ने लुभाया

**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में संस्था प्रमुख अनिल रूपलानी के मार्गदर्शन में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। अध्यक्षता अंजु त्रिपाठी ने की। विशेष अतिथि आरडी जैन, रामकुमार गुप्ता, मनोज हेमनानी थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई।

शिक्षा पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में युवांश माहेश्वरी, दित्या बोथरा प्रथम, रुद्र माहेश्वरी, हितिका अहीर दूसरे और भवन्या देवांगन, श्रीजी श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने हिस्सा लेते हुए नृत्य एवं ड्रामा प्रस्तुत किया।




अंत में सभी बच्चों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र वितरण किया गया। इस दौरान यशस्वी उके, करिश्मा साहू, प्रीति कुलदीप, ज्योति कोर्राम, कंचन त्रिपुरे, सिमरन साहू, धनेश्वरी राजपूत आदि मौजूद थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दिग्विजय कॉलेज में गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा संचालित राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन सोमवार को शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुई इस परीक्षा में कुल 25 पंजीकृत विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा प्रभारी डॉ. शंकर मुनि राय ने परीक्षा से पहले अपने देश में गाय के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि हमारे कृषि प्रधान देश में गाय के गोबर से लेकर गोमूत्र, दूध और बछड़े का भी बहुत महत्वपूर्ण स्थान है।

### कलेक्टर जनदर्शन में समस्या का हुआ समाधान

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव को कलेक्टोरेट में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बम्हनीभांठा निवासी श्रीमती मधुबाला साहू एवं श्रीमती केशरीबाई साहू ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर ने अधिकारियों को आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते पात्रता संबंधी परीक्षण कर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत श्रीमती मधुबाला साहू एवं श्रीमती केशरीबाई साहू को गैस कनेक्शन एवं चूल्हा प्रदान किया गया। गैस कनेक्शन मिलने पर श्रीमती मधुबाला साहू एवं श्रीमती केशरीबाई साहू ने खुशी जाहिर किया।

### मोखला में सावित्रीबाई फुले जयंती आयोजित

**राजनांदगांव।** साहित्यिक संस्था साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा देश की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोखला में किया गया। उक्त कार्यक्रम परिषद के पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू एवं पूर्व सचिव कुलेश्वर दास साहू की उपसस्थिति में आयोजित किया गया। वक्ताओं ने सामाजिक चेतना, शिक्षा और क्रांति पर उनके अवदानों को याद करते उन्हें नमन किया।



कार्यक्रम में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल को श्रद्धांजलि देते उनके साहित्यिक अवदानों और उपलब्धियों को साहित्यकारों ने छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण बताया। संगोष्ठी में लोकपर्व छेरछेरा पर भी चर्चा हुई। मुख्य अतिथि प्रभात तिवारी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उन्नीसवीं शताब्दी में शिक्षा का अलख जगाकर समाज में एक नई क्रांति ला दी। अध्यक्षता करते आत्माराम कोशा ने कहा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाले मूर्धन्य साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल छंद का बंधन तोड़ने वाले महाप्राण कवि निराला और मुक्ति बोध के अंधेरे की कविताएं वाली शैली के प्रतिनिधि कवि हैं। इस अवसर पर कुबेर सिंह साहू ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा को माध्यम बनाकर दलित, पिछड़े लोगों में जन जागृति फैलाने का एक भागीरथ प्रयास किया। वरिष्ठ कवि वीरेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अशोक आकाश, डा. प्रवीण साहू, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, मानसिंह मौलिक, ओमप्रकाश साहू, विनोद कुमार शुक्ल, प्रभात तिवारी ने भी अपने विचार रखे।

### छात्रों ने चलाया उपभोक्ता संरक्षण फील्ड प्रोजेक्ट

**राजनांदगांव।** कान्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव के वाणिज्य विभाग द्वारा वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए उपभोक्ता अधिकार जागरूकता फील्ड प्रोजेक्ट का आयोजन ग्राम सुंदरा में संचालित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रति जागरूक करना था।




फील्ड प्रोजेक्ट के अंतर्गत वाणिज्य के विद्यार्थियों ने ग्राम सुंदरा की विभिन्न दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जाकर उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित जानकारी साझा की। विद्यार्थियों ने बिल लेने का महत्व, एमआरपी की जांच, नकली व अमानक वस्तुओं से सावधान रहने, उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रणाली तथा "जागो ग्राहक जागो" जैसे विषयों पर सरल एवं प्रभावी ढंग से जागरूकता अभियान चलाया। स्थानीय दुकानदारों एवं ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।


### जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में बीते दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) जिला राजनांदगांव के तत्वावधान में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यक्रम अधिकारी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलेभर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 50 कार्यक्रम अधिकारियों ने सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता एवं एनएसएस जिला संगठक मोनिका दास द्वारा किया गया। कार्यशाला को चार महत्वपूर्ण तकनीकी सत्रों में विभाजित किया गया था। जिसमें विषय विशेषज्ञों ने नवीन दिशा-निर्देशों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संगठक मोनिका दास ने की। मंच संचालन संजय सप्तर्षि द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. केएस कन्नौजे, करुणा रावटे सहित जिले के अनेक वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीड़ितों को आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्ति के परिजनों एवं गंभीर रूप से घायल पीड़ित व्यक्तियों को 14 लाख 75 हजार रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। सड़क दुर्घटनाओं में मृतक व्यक्ति के परिजनों को 25 हजार रुपए एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। कलेक्टर ने राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 5 लाख रुपए, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत 3 लाख रुपए, छुरिया तहसील अंतर्गत 3 लाख 75 हजार रुपए एवं डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 3 लाख रुपए सड़क दुर्घटनाओं में मृतक व्यक्ति के परिजनों एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को आर्थिक सहायता राशि प्रदान संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व तहसीलदारों को निर्देश दिए गए है।

### विद्यार्थियों का साइंस ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के 6 विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते दूसरे लेवल में प्रवेश किया। इन विद्यार्थियों में रिश्मिता मुखर्जी कक्षा तीसरी ब, विहाना जैन कक्षा चौथी अ, वैभव साहू कक्षा पांचवी ब, सूर्यान्श कम्पा सातवीं ब, केतन गुप्ता आठवीं ब, ओजस श्रीवास्तव दसवीं स शामिल रहे। सेकंड लेवल का एक्जाम 8 फरवरी को होगा। एनएसओ प्रभारी आलोक श्रीवास्तव ने देते बताया कि विद्यालय के प्राचार्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए सदा जागरूक रहते हैं। शिक्षकों तथा बच्चों को सदा प्रोत्साहित करते रहते हैं। जिसके फलस्वरूप युगांतर के शिक्षकों व बच्चों ने काफी मेहनत की। आज उसका परिणाम सामने है कि युगांतर के बच्चे हर विधा, हर विषय में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर रहे हैं।

## सुपीरियर के आदेश को किया दरकिनार

# जेम से खरीदी, दुकानों की नीलामी से घिरे नगर पालिका में नया कारनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जैम पोर्टल से सामान खरीदी, टेंडर फार्म देने में आनाकानी, दुकानों की बोली जैसे तमाम आरोपों से घिरे नगर पालिका परिषद में एक नया मामला सामने आया है जिसमें शासन के आदेश के परिपालन में कोताही बरती जा रही है।

जानकारी अनुसार 18 सितंबर 25 को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रशासनिक दृष्टि से 94 अधिकारियों कर्मचारियों का अन्यत्र तबादला कर दिया था इनमे से कुछ तबादला रूकवाने में सफल हो गए तो कुछ ने आदेश को नए कार्यस्थल में नवीन जिम्मेदारी का निर्वहन मानकर अंगीकार कर लिया, लेकिन कुछ जगहों पर नपा के जिम्मेदारों ने आदेश का पालन नही होने दिया।

उक्त सूची में नपा परिषद में पदस्थ उप अभियंता शाहबाज अहमद को नपा दल्ली राजहरा और दीपाली तंबोली को डोंगरगढ़ नपा में कार्यभार ग्रहण करने कहा गया था इसके अलावा नपं अड़भार में पदस्थ मुजफ्फर हुसैन को नपा खैरागढ़ में नवीन पदस्थापना दिया गया था। आदेश में स्पष्ट लिखा हुआ था कि संबंधित अधिकारी कर्मचारी 15 दिवस के भीतर नई जगह पर कार्यभार ग्रहण कर लेंगे और वर्तमान स्थान से उनका वेतन आहरण नही होगा यदि वेतन आहरण होता है तो नियंत्रण अधिकारी के उपर अनुशासनात्मक कारवाई की जाएगी, लेकिन लगभग तीन महीने तक नपा परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उक्त आदेश के पालन में रूचि नही दिखाई। बहरहाल नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर फिर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### आदेश के पालन और परिपालन में राजनीति

आदेश के पालन में विलंब की सूचना पर सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश के परिपालन को लेकर 7 जनवरी 26 को नया आदेश निकाला जिसमें स्थानांतरित अधिकारी कर्मचारी को तत्काल कार्यमुक्त करने और नवीन पदस्थापना वाली जगह पर 13 जनवरी तक अनिवार्य रूप से कार्यभार ग्रहण करने कहा गया और कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण करने संबंधी जानकारी 15 जनवरी तक प्रेषित करने कहा गया इसके साथ ही पत्र में स्पष्ट रूप से तबादला आदेश में दर्ज उस चेतावनी निर्देश का उल्लेख किया गया जिसमें निर्देशों का पालन नही करने वालों पर अनुशासनात्मक कारवाई की बात लिखी हुई थी। इसके अलावा जनवरी 26 को उनका वेतन भी नई जगह से आहरित करने और ऐसा नही करने पर संवितरण अधिकारी पर कारवाई की चेतावनी दी गई है। शासन के आदेश का हवाला देते हुए उपअभियंता दीपाली तंबोली को 15 जनवरी को ही कार्यमुक्त कर दिया गया जबकि एक अन्य उप अभियंता शाहबाज अहमद को जस का तस रखा गया है। इस स्थिति मे सवाल यह है कि क्या नगर पालिका प्रशासन अपने ही सुपीरीयर के उस आदेश को हल्के में ले रहा है जिसमे सितंबर में दो अभिंयता का तबादला हुआ। जनवरी में परिपालन में विलंब को लेकर पत्र जारी हुआ तो उक्त आदेश के तहत दोनो अभिंयताओ को कार्यमुक्त किया जाना था लेकिन यहॉ एक महिला अधिकारी को अन्यत्र भेंजकर दूसरे पर दरियादली दिखाई जा रही है।

### एक को किया रिलीव दूसरे पर कृपा दृष्टि

उपअभियंता दीपाली तंबोली को रिलीव करने और शाहबाज अहमद को रिलीव नही करने से नपा प्रशासन की मंशा संदेहास्पद हो गई है। दोनों का तबादला आदेश एक ही समय जारी हुआ। आदेश के परिपालन को लेकर भी एक ही पत्र सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया, लेकिन उसको धरातल में उतारने असमान कारवाई से नपा के जिम्मेदारों की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहा है। जानकारी अनुसार इस पूरे मामले को राजनैतिक संरक्षण का प्रभाव माना जा रहा है। रिलीव को जानबूझकर लटकाने के पीछे पहुंच के साथ दबाव और मनमाफिक काम करने का आश्वासन बताया जा रहा है। इस बीच प्रभारी सीएमओ के उस बयान को भी हास्यास्पद बताया जा रहा है जिसमे उन्होने कहा है कि दोनों का तबादला पहले ही हो गया था, लेकिन जिसे यहॉ आना था उसने ज्वाईन नही किया इसलिए दूसरे को रिलीव नही किया गया। उपर से आदेश मिलने के बाद दूसरे को भी रिलीव कर दिया जाएगा। इस स्थिति मे सवाल यह उठता है कि तबादला आदेश के पालन मे विलंब और उसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग के उस आदेश के परिपालन को लेकर जारी पत्र को धरातल मे उतारने की जगह बखिया उधेड़ी जा रही है। इस बीच उप अभियंता मुजफ्फर हुसैन ने नपा में भी ज्वाइनिंग दे दी है।

## सोसायटियों में पहुंचे किसान कांग्रेस अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- किसानों की आवाज बने, समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा

जिले के किसानों को राहत दिलाने के उद्देश्य से जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास लगातार धान खरीदी सोसायटियों का दौरा कर रहे हैं। उनके निरंतर निरीक्षण से किसानों में विश्वास बढ़ा है। मंगलवार को उन्होंने ग्राम पंचायत ठाकुरटोला, पेलीमेटा एवं मोहगांव स्थित सोसायटियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर धान खरीदी, उठाव एवं व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली।

### समय पर उठाव नहीं

किसानों ने बताया कि सोसायटियों में धान उठाव समय पर नहीं होने के कारण भारी भीड़ की स्थिति बन रही है, वहीं ट्रैक्टरों के आवागमन में भी गंभीर दिक्कतें आ रही हैं। समस्याओं को सुनते ही देवराज किशोर दास ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल समाधान का प्रयास किया। किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार से धान खरीदी की समय-सीमा दो सप्ताह बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि किसानों की मेहनत का पूरा मूल्य तभी मिलेगा जब व्यवस्था सुचारु होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसान कांग्रेस हर किसान के हक के लिए मजबूती से खड़ी है। निरीक्षण के दौरान असंगठित क्षेत्र के महासचिव कमलेश यादव, दीपक वैष्णव, जय मंडावी, ओमप्रकाश सोरी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

## बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

समाज में जागरूकता बढ़ाकर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा बच्चों के सुरक्षित भविष्य के उद्देश्य से मंगलवार 20 जनवरी को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 द्वारा छुईखदान स्थित कन्या शाला में जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### बाल विवाह अधिनियम की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि लड़के के विवाह हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं लड़की हेतु 18 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित आयु से पूर्व किया गया विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो दंडनीय अपराध है। इस अपराध में 2 वर्ष तक का कारावास एवं 1 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं एवं ग्रामवासियों को बाल विवाह न करने एवं इसकी रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल अधिकारों के उल्लंघन, बाल विवाह या किसी भी आपात स्थिति में 1098 पर तत्काल संपर्क किया जा सकता है।

## पुलिस ने शराब कोचिया को पकड़ा

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र में उप निरीक्षक सुमेंद्र कुमार खरे चौकी प्रभारी मोहारा के नेतृत्व में मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी को जय वीरा ढाबा से अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 21 पौवा देशी शोले प्लेन शराब एवं 9 पौवा जम्मू व्हिस्की अंग्रेजी शराब एवं 4 पौवा सिंडिकेट व्हिस्की कीमती 3240 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया

### मड़ई मेला आज

**सड़क अतरिया।** सड़क अतरिया में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के सहयोग से कल बुधवार को मंड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया जायेगा। संध्या समय लोगों के मनोरंजन के लिए बघेरा दुर्ग वालों का जस झांकी का कार्यक्रम रखा गया है।

## चेम्बर के व्यापारियों ने स्वदेशी मेले स्थल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव के स्थानीय उत्पादों को स्वदेशी मेले में स्थान देने चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को स्टेट स्कूल में लग रहे स्वदेशी मेले का निरीक्षण किया और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने हेतु चल रही तैयारी का जायजा लिया।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानचंद बाफना, भीमन धनवानी, आलोक बिंदल, प्रदेश मंत्री अमर लालवानी, जिला अध्यक्ष कमलेश बैद, महामंत्री अरूण डुलानी, दीपक नवलखा, जैसल लाल, विक्की, सुखविंदर भाटिया एवं राजीव जैन सहित शहर के व्यापारी प्रतिनिधियों ने मेला स्थल का निरीक्षण किया।

चेंबर के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद एवं अरूण डुलानी ने बताया कि इस वर्ष स्वदेशी मेले में हमर राजनांदगांव के स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने हेतु चेम्बस ऑफ कामर्स ने बीड़ा उठाया है और लगातार उत्पादककर्ताओं से संपर्क कर प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहे हैं। चेम्बर के कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर्स ऑफ कामर्स ने मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत वोकल फॉर लोकल के संकल्प को सार्थक करते सभी व्यापारियों को जागरूक करते स्वदेशी वस्तुओं को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान भी किया है।

## शिक्षक को हटाने की मांग, ग्रामीणों ने लगाया आरोप



**राजनांदगांव।** जिले के सोमनी क्षेत्र के ठेकवा से शाला विकास समिति के सदस्य और ग्रामीण आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और यहां पदस्थ प्राथमिक शाला ठेकवा के सहायक शिक्षक को हटाने की मांग करते ज्ञापन सौंपा।

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि प्राथमिक शाला ग्राम ठेकवा में पदस्थ सहायक शिक्षक भगवती प्रसाद बघेल शाला में उपस्थित नहीं रहते हैं। उनके अक्सर छुट्टी पर चले जाने की वजह से शाला में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षक आते भी हैं तो अपने मोबाइल फोन में व्यस्त हो जाते हैं । वहीं कई बार शराब का सेवन करके भी स्कूल आते हैं। जिससे स्कूल का माहौल खराब हो रहा है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कहा है कि शिक्षक का व्यवहार भी ठीक नहीं है, उनके स्थान पर अन्य शिक्षक को पदस्थ किया जाए।

## रेलवे सुरक्षा बल ने गुम मोबाइल को किया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनंदगांव द्वारा "ऑपरेशन अमानत" के तहत दो गुम हुए मोबाइल सही सलामत सुपुर्द किया गया। रेलवे सूत्रों के अनुसार 19 जनवरी को मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर दीपचंद्र आर्य के निर्देशन तथा रेल सुरक्षा बल पोस्ट प्रभारी इंस्पेक्टर तरूणा साहू के कुशल नेतृत्व में रे.सु.ब. पोस्ट राजनांदगांव स्टाफ द्वारा ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते "ऑपरेशन अमानत" के अंतर्गत दो खोए हुए मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सुरक्षित रूप से सुपुर्द किए गए।

जानकारी के अनुसार रात्रि गश्त के दौरान सहायक उपनिरीक्षक मीनु कुमार एवं प्रधान आरक्षक एसके मिश्रा द्वारा स्टेशन परिसर एवं प्लेटफार्म क्षेत्र में दक्षिण साइड बुकिंग काउंटर, टिकट विंडो के पास दो अलग-अलग समय पर लावारिस मोबाइल फोन पाए गए। आसपास के यात्रियों से पूछताछ करने पर कोई भी व्यक्ति मोबाइल का दावा नहीं कर सका, जिस पर दोनों मोबाइलों को रे.सु.ब. पोस्ट राजनांदगांव लाकर टीए ड्यूटी के चार्ज में सुरक्षित रखा गया।



### सत्यापन बाद किया सुपुर्द

कुछ समय पश्चात मोबाइल पर कॉल आने पर जानकारी प्राप्त हुई कि पहला मोबाइल पार्वती यादव 22 वर्ष निवासी डोंगरगांव का है। पुष्टि उपरांत मोबाइल अनुमानित कीमत 8000 रुपए को सही सलामत सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार दूसरा मोबाइल तामेश्वरी 19 वर्ष निवासी बरगांव का पाया गया। आवश्यक सत्यापन एवं पैटर्न लॉक खुलवाने के बाद उक्त मोबाइल अनुमानित कीमत 9000 रुपए का उन्हें सुरक्षित सुपुर्द किया गया। दोनों मोबाइल की अनुमानित कीमत कल 17000 रुपए है। रे.सु.ब. द्वारा की गई इस सराहनीय कार्रवाई से यात्रियों में रेल सुरक्षा बल के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई है।

## अंबागढ़ चौकी में बनेगा सर्व सुविधायुक्त संघ कार्यालय

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय निर्माण के लिए सोमवार को भूमिपूजन का कार्य संपन्न हुआ। संघ सह सर कार्यवाह रामदत्त चक्रधर के सानिध्य में वैदिक मंत्रोचार एवं वास्तुपूजन के साथ कार्यालय भवन की आधारशिला रखी गई।

इस अवसर पर सह सर कार्यवाह रामदत्त ने उपस्थितजनों को कार्यालय की आवश्यकता एवं अनिवार्यता को बताते कहा कि यह भवन नहीं अपितु एक मंदिर है। जिसका उपयोग भूमिपूजन कार्यक्रम में संघ के प्रांत संघ चालक प्रो. डॉ. टोपलाल वर्मा, विभाग संघ चालक राजेश ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में संघ के अधिकारीगण, सामाजिक प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। जिनके द्वारा अंबागढ़ चौकी के संघ कार्यालय निर्माण के लिए सहयोग का संकल्प लिया गया।

### आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त होगा भवन

अंबागढ़ चौकी के केशव नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जिला कार्यालय भवन सर्व सुविधायुक्त एवं वास्तु अनुरूप निर्मित होगा। इस संदर्भ में जिला संघ चालक चिंताराम नायक एवं जिला प्रचार प्रमुख प्रेम गोस्वामी ने बताया कि संघ का यह केशव भवन लगभग छह हजार वर्ग फुट क्षेत्रफल में निर्मित होगा। जिसमें विशाल ऑडिटोरियम तथा वनांचल क्षेत्र के युवाओं तथा स्वयंसेवकों के लिए आवास, पुस्तकालय एवं सूचना केंद्र भी होगा। जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा।

## कराते खिलाड़ियों ने दिखाया दम-खम

**राजनांदगांव।** दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन 17 एवं 18 जनवरी को कमला कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें कमल कराते अकादमी, कराते स्कूल ममता नगर तुलसीपुर के प्रशिक्षक सेन्साई कमल पूजन से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इसमें पलक नेमा ने काता में सिल्वर मेडल, फाईट में ब्राउंस मेडल हासिल किया। आदित्यराज देवांगन ने फाईट में ब्राउंस तथा अर्पणनाथ ने कुमिते (फाईट) में ब्राउंस मेडल प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में काजल यादव, अपूर्वानाथ ने रेफरी व जजेस का सराहनीय कार्य किया। उपरोक्त खिलाडियों को महापौर मधुसूदन व छग टूरिज्म बोर्ड अध्यक्ष नीलू शर्मा तथा जिला कराते संघ के सचिव सिहान मुरली सिंह भारद्वाज, सेन्साई कमल पूजन ने बधाईयां दी।

## आत्महत्या करने के लिए किया प्रताड़ित, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवक के आत्महत्या करने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 27 दिसंबर को मृतक अमित भौमिक के अपने मकान के कमरा में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिखली में मर्ग कायम कर जांच कार्रवाई में लिया गया। जांच के दौरान परिजनों के कथन, संकलित साक्ष्य एवं पीएम रिपोर्ट पर अपराध धारा 108, 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### आरोपिया की सरगर्मी से तलाश

इस मामले में चौकी चिखली एवं सायबर सेल की टीम गठित कर फरार आरोपियों की पता तलाश किया जा रहा था। आरोपियों के छिपने संभावित स्थानों में लगातार दबिश दिया जा रहा था। पता तलाश के दौरान 19 जनवरी को आरोपी अमीन कुरैशी के लखोली स्थित ग्राउंड मे छिपे होने की सूचना पर तत्काल दबिश देकर आरोपी अमीन कुरैशी को लखोली स्कूल ग्राउंड से पकड़कर अभिरक्षा में लेकर पुलिस चौकी चिखली लाकर पूछताछ करने पर आरोपी अमीन कुरैशी 30 साल लखोली द्वारा अपने महिला साथी के साथ मिलकर अपराध गठित करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर 20 जनवरी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपिया की पतातलाश जारी है।

## सार समाचार

### आबकारी ने तीन माह में पकड़ी 16 लाख की शराब



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा विगत 3 माह में महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश राज्य निर्मित तथा अवैध हाथ भट्ठी मदिरा के कुल 214 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में लगभग 11 लाख 43 हजार 192 रुपए मूल्य के कुल 1615.48 बल्क लीटर शराब तथा लगभग 4 लाख 60 हजार रुपए मूल्य के 3 वाहन जब्त किया गया है। इस तरह कुल लगभग 16 लाख 3 हजार 192 रुपए मूल्य के अवैध शराब एवं वाहन जब्त किया गया है। इन प्रकरणों पर आबकारी अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल, ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लखोली-कन्हारपुरी में आज पेयजल आपूर्ति नहीं

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा टंकी सफाई करने की कड़ी में लखोली (कन्हारपुरी) टंकी (क्षमता 10 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है। जिसके कारण लखोली (कन्हारपुरी) स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पाएगा। इस वजह से लखोली (कन्हारपुरी) टंकी से कल 21 जनवरी को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 22 जनवरी से पानी सप्लाई यथावत रहेगी। 21 जनवरी को लखोली (कन्हारपुरी) टंकी की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नहीं भर पाएगी। जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी।

### 14 दिवसीय कार्यक्रम 2 फरवरी से

**राजनांदगांव।** इस वर्ष 2 फरवरी से फागुन मास प्रारंभ हो रहा है। श्री श्याम भरोसे परिवार एवं हनुमान श्याम भक्तों द्वारा इस फागुन मास के प्रारंभ होने के आगामी दिवस 2 फरवरी से महाशिवरात्रि 15 फरवरी तक 14 दिवस श्याम प्रभु का गुणगान विभिन्न भक्तों के घरों में करने का निर्णय लिया है। आयोजन समिति के निखिल मिश्रा एवं श्याम शर्मा के अनुसार इस 14 दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रतिदिन रात्रि 08 बजे से नगर के अलग-अलग भक्तों के निवास पर श्याम प्रभु के भजनों की श्रृंखला 2 से 15 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। भजन के दौरान फागुन की मस्ती के साथ इत्र, केशर, गुलाब जल एवं फूलों की होली खेली जाएगी। आयोजन समिति ने माता-बहनों एवं बंधुओं से धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

### छात्राओं का नेशनल स्पर्धा में चयन



**राजनांदगांव।** स्टेट स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा जो सीनियर ग्रुप में फुटबाल में नेशनल प्रतियोगिता के लिए निहारिका बोरकर एवं दीपाली साहू का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता मणिपुर-ईम्फॉल में 20 से 27 जनवरी तक खेली जाएगी। दीपाली साहू लगातार तीन वर्षों से नेशनल प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है। प्रतियोगिता में चयन होने पर स्टेट स्कूल प्राचार्य माधो सिंग एवं स्टाफ ने बधाई दी। उक्त जानकारी स्टेट स्कूल के व्यायाम शिक्षक सुनील नागदौने ने दी।

## भारत माता के जयघोष से गूंजा भाजपा कार्यालय

# राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा से खुशी की लहर, बंटी मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूरे देश में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच जश्न का माहौल देखा गया। विभिन्न जिलों में मिठाइयां बांटी गई और पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया गया।

इस मौके पर जिला मुख्यालय स्थित बीजेपी कार्यालय में भी भव्य जश्न मनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने की खुशी में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाइयां बांटी। इस दौरान पार्टी कार्यालय भारत माता की जय और नितिन नबीन जिंदाबाद जैसे नारों से गूंज उठा। इस मौके पर सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला भाजपा के महामंत्री सौरभ कोठारी, डिकेश साहू, उपाध्यक्ष तरूण लहरवानी, मनीष गोलछा, मीडिया प्रभारी रघु शर्मा, रघुवीर वाधवा, ईशान शर्मा, मनोज निर्वाणी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।



### पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि यह दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि नितिन नबीन छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रभारी है, जो वर्तमान में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। यह पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।

### पार्टी को मिलेगी मजबूती

भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी और अधिक मजबूत होगी और संगठन को नई दिशा मिलेगी।

### देवी महापुराण ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए गिरीश



**राजनांदगांव।** मां परमेश्वरी देवी महापुराण ज्ञान यज्ञ गंडई टिकरीपारा में आयोजित है। 17 से 23 जनवरी तक सत्संग का आयोजन हो रहा है। मां परमेश्वरी जयंती वसंत पंचमी को पूर्णाहुति होगी।

ग्राम टिकरीपारा में पूर्व नगर अध्यक्ष टेकन देवांगन के कोठार परिसर में भव्य साज-सज्जा के साथ व्यास पीठ की स्थापना की गई है, जहां पर आचार्य संतोष गांगुली व्यासपीठ पर आसीन है। तृतीय दिवस के सत्संग में देवांगन कुल में गोत्र की महिमा, उत्पत्ति की विस्तृत ज्ञान का उल्लेख करते मां परमेश्वरी पुत्र दीपचंद एवं माता हरणी का विवाह बड़े धूमधाम एवं विधि-विधान से किया गया। इस अवसर पर गिरीश देवांगन, यशोदा वर्मा, राजा लाल तारकेश्वर शाह खुसरो, रुक्मणी देवांगन, चेतन देवांगन, टेकन देवांगन, नीना विनोद ताम्रकार समेत अन्य लोग शामिल थे।

## अब तक 1294 करोड़ की धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में खुशी की लहर है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 109810 पंजीकृत किसानों से 1294 करोड़ 51 लाख 17 हजार रुपए मूल्य का 5452815.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1724437.20 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

आवश्यकता है
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर - 4 पद (वेतन 10,000/-)
(डीसीए, पीजीडीए वाले युवक-युवतियों को प्राथमिकता)
2. मेकेनिक - 4 पद (अनुभवी को प्राथमिकता)
3. ड्राईवर एवं सहायक - 2-2 पद
सिर्फ अनुभवी युवा दस्तावेज के साथ संपर्क करें.
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी को आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के लिए मेरा भारत मेरा वोट (माय इंडिया माय वोट) थीम निर्धारित किया गया है। इसका टैग लाइन इंडियन सिटीजन एट द हार्ट ऑफ इंडियन डेमोक्रेसी है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां मेरा भारत मेरा वोट (माय इंडिया माय वोट) थीम करने के निर्देश दिए हैं। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार, विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## घर में पढ़ाई का कोना होना चाहिए

- कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारी के लिए सभी अधिकारियों को दायित्व सौंपा। उन्होंने झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शाासन की महती योजना है।

जनमानस को इस योजना के संबंध में जानकारी देने एवं लाभान्वित करने सूर्यसभा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आवासीय कालोनी में सोलर पैनल लगवाने तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के फायदे बताने कहा। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में सुरक्षा चक्र के तहत निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के समापन कार्यक्रम की तैयारी करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान योजना अंतर्गत शेष छूटे हुए हितग्राहियों के लिए शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड



बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के लिए घर में पढ़ाई का कोना होना चाहिए, ताकि बच्चों में अपने निर्धारित जगह पर पढ़ने की आदत बनी रहे। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि पालक चौपाल में आने वाली उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निरंतर जांच के लिए समन्वय करते कार्य करें। पोषण पुनर्वास केन्द्र के माध्यम बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411




हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026



**खबर संक्षेप**

### चाकू लहराते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** चाकू लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने के



मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 19 जनवरी को रात्रि में पेट्रोलिंग के दौरान चिखली हनुमान मंदिर के पास एक व्यक्ति द्वारा चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी तुलसी उर्फ छोटू शर्मा 28 साल चिखली दीनदयाल नगर अटल आवास चौकी को मौके पर धारदार चाकू लहराते रंगे हाथ पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

### अशांति फैलाने पर भी लिया एक्शन

इसी प्रकार अभियान कार्रवाई में 19 जनवरी को रात्रि में मोहल्ले के लोगों के साथ झगड़ा-विवाद कर अशांति फैलाने वाले सुधीर नायडू 19 साल साकिन दीनदयाल नगर अटल आवास व योगेश कुमार मड़ामे 27 साल साकिन शांतिनगर अम्बेडकर चौक को शांतिभंग करने के अंदेशा पर गिरफ्तार कर पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

# ऑनलाइन सट्टा का गिरोह पकड़ाया, 10 करोड़ के लेन-देन का खुलासा

## हरियाणा के गुरुग्राम में दबिश देकर केसीजी पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केसीजी जिले में विगत दिनों ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामले में की गई कार्रवाई के आधार पर मिले इनपुट के सहारे गिरोह के पांच अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता पाई है। मुखबीर की सूचना के आधार पर टीम ने इन पांच आरोपियों को हरियाणा राज्य के गुरुग्राम इलाके से पकड़ा है।

इन आरोपियों में प्रदेश के भिलाई व सक्ती जिले के अलावा बिहार के दरभंगा के दो लोग शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों के बैंक खातों से लगभग 10 करोड़ का लेन-देन का खुलासा हुआ है।

केसीजी जिला एसपी लक्ष्य शर्मा के नेतृत्व में अवैध गतिविधियों एवं जुआ-सट्टा पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत पूर्व में थाना छुईखदान क्षेत्रांतर्गत ऑनलाइन जुआ खेलने वाले व्यक्ति के विरूद्ध अपराध क्रमांक 187/25 धारा 6, 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 कायम कर 8 आरोपियों को ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से जुआ-सट्टा खेलाते पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। इस मामले में अन्य आरोपियों की पतातलाश तकनीकी साक्ष्य के आधार पर की जा रही थी। जिनके बारे में पुख्ता जानकारी गुरुग्राम हरियाणा क्षेत्र में होने के बाद पुलिस टीम केसीजी द्वारा लगातार सघन जांच व तलाशी पश्चात आरोपियों को मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में गेमिंग ऐप संचालित करना पाए जाने से दबोचा गया।



### आठ से दस करोड़ का लेनदेन पकड़ाया

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा ऑनलाइन सट्टा गेमिंग एप संचालित कर लोगों को रुपए-पैसे का दांव लगाकर सट्टा खिलाना स्वीकार किया गया। पुलिस को गुमराह करने व बचने के लिए शिवा बुक का नाम बदलकर 100 पैनल एवं फेयर प्ले के नाम से ऑनलाइन बैटिंग एप से ऑनलाइन जुआ खेला रहे थे। ऑनलाइन जुआ-सट्टा खेलाने में प्रयुक्त बैंक खातों की जांच करने पर लगभग 8 से 10 करोड़ का लेनदेन करना पाया गया है।

### नगद सहित लैपटॉप जब्त

खैरागढ़ जिला पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के तहत आरोपियों से नगदी रकम के अलावा आधुनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं। पुलिस रिकार्ड के अनुसार आरोपियों से नगदी रकम 22000 रुपए एवं बैंक खातों में 91175 रुपए कुल 113175 रुपए जब्त किए गए। इसके अलावा 19 मोबाइल फोन, दो लैपटाप, 3 एटीएम कार्ड, 1 वाई-फाई राउटर के साथ ही 14 सिम कार्ड जुमला कीमती 498175 रुपए की जब्ती की गई है।

### यह आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जिनमें भिलाई सहित बिहार के दरभंगा के लोग शामिल हैं। आरोपियों में देवेंद्र सिंह पिता ओंकार सिंह पता शांतिनगर भिलाई, हर्ष प्रजापति पिता संतोष प्रजापति पता सुपेला भिलाई, राजा मुखिया पिता विनोद मुखिया पता ग्राम धमसायींन जिला दरभंगा बिहार, मोतीलाल श्रीवास पिता बजरंग श्रीवास पता ग्राम मंद्रगोढ़ी जिला सक्ति और उमेश मुखिया पिता डोमी मुखिया पता जिला दरभंगा बिहार शामिल हैं।

# नाबालिग से कुकर्म, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 18 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 जनवरी को सुबह 9 बजे से उसकी नाबालिग बेटी घर पर नहीं है, आसपास रिश्तेदारों में पता किया, नहीं पता चला, कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसला कर कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में गुम नाबालिग का पता तलाश हेतु टीम रवाना किया गया। पीड़िता को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल में आर्यन डकहा से रात्रि में बरामद किया गया। पीड़िता से पूछताछ करने पर बताई कि दुर्ग के भूषण साहू से सोशल मीडिया के माध्यम से परिचय हुआ, जो 12 जनवरी को डोंगरगढ़ में मुलाकात करने बुलाया था और दुष्कर्म कर दुर्ग स्टेशन में ले जाकर छोड़ दिया। कुछ दिन दुर्ग स्टेशन में रही और वापस घर आ रही थी, तब 17 जनवरी को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में आर्यन डकहा मिला, जो उसे बहला-फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड हेतु पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया।

# ट्रैक्टर चोरी, पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ट्रैक्टर चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने एक अपचारी बालक सहित 5 आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत 14 जनवरी को प्रार्थी जीवनलाल पटेल निवासी खुर्सीपार द्वारा थाना गैंदाटोला में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके घर के सामने खड़ा स्वराज 735 ट्रैक्टर कीमती 3,50,000 रुपए को रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना में धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक अपचारी बालक को पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में बताया कि उसने योगेश साहू, देवेन्द्र साहू, यशवंत कुमार नेताम एवं अजय कुमार के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना में प्रयुक्त स्वीफ्ट डिजायर कार ग्राम साकरदाहरा थाना डोंगरगांव के पास मिली। जिसमें चारों आरोपी सवार थे। कड़ाई से पूछताछ करने पर चारों आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के मेमोरण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त स्वीफ्ट डिजायर कार एवं पेंचकस जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। अपचारी बालक को पृथक से किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

**ट्रैक्टर जंगल क्षेत्र से बरामद :** मामले की जांच के लिए थाना गैंदाटोला पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज एवं मुखबीर सूचना के आधार पर ट्रैक्टर को ग्राम खुर्सीपार चिरपोटा जंगल क्षेत्र से बरामद किया गया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➔ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➔ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➔ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➔ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## आदिवासी बाहुल्य वनांचल क्षेत्रों में विकास की तेज रफ्तार

# भावना बोहरा ने 14.58 करोड़ की लागत से 3 सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏩पंडरिया

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से हर नगर और दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में निरंतर सड़कों का विस्तार हो रहा है। वहीं मंगलवार को ग्राम पाढ़ी और भाकुर में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने 14 करोड़ 58 लाख 5 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 3 बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम पाढ़ी में 9 करोड़ 52 लाख 35 हजार रुपए की लागत से पंडरिया से बकेला तक कुल 13 किलोमीटर सड़क निर्माण एवं ग्राम भाकुर में 3 करोड़ 38 लाख 90 रुपए की लागत से सेंदूरखार से छिंदीडीह तक 10.50 किलोमीटर और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 1 करोड़ 67 लाख 25 हजार रुपए की लागत से पंडरीपानी से बाकी-बोदरी पंडरिया तक 2.30 किलोमीटर तक सड़क निर्माण कार्य का क्षेत्रवासियों के साथ भूमिपूजन कर बधाई दी। वर्तमान समय मे पंडरिया विधानसभा में लगभग 350 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य जारी है, जिससे विधानसभा वासियों को आने वाले समय में सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। इन 3 बहुप्रतीक्षित सड़कों के निर्माण से मोतिमपुर पाढ़ी, गांगपुर, गौरकापा, खैरझिटी पुराना, लिम्हईपुर, देवसरा, बकेला, भाकुर, तेलियापानी धोबे, जखनाडीह, छिन्डीडीह, पंडरीपानी एवं बाकी बोदरी सहित आस-पास के गांवों में निवासरत परिवारों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### अधोसंरचना निर्माण से वनांचल क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं




विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का यह दिन हमारे वनांचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग 14.58 करोड़ से अधिक की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन पंडरिया विधानसभा में विकास, विश्वास और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विकास को नई गति देते हुए आज यहां सड़क, बिजली, पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही अधोसंरचना निर्माण से वनांचल क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहें हैं। यह भाजपा की विकासपरक सोच, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।

# प्रयागराज माघ कुंभ में शंकराचार्य से कथित दुर्व्यवहार पर सियासी घमासान

- अर्जुन तिवारी ने कहा यह केवल संत का नहीं, सनातन संस्कृति का अपमान है।

हरिभूमि न्यूज ⏩कोलेगांव



प्रयागराज के पावन माघ कुंभ क्षेत्र में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज एवं उनके शिष्यों के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना से न केवल धार्मिक जगत में गहरा आक्रोश व्याप्त है, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। शंकराचार्य के कथित अपमान को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा एक बड़े विवाद का रूप ले सकता है। जिस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि एवं नेता अर्जुन तिवारी ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक आधिकारिक विज्ञप्ति जारी की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज संगम की पवित्र धरती पर शंकराचार्य के साथ जो हुआ, वह किसी एक व्यक्ति का अपमान नहीं, बल्कि समस्त सनातन संस्कृति के मस्तक पर सीधा प्रहार है। ऐसी घटना अत्यंत निंदनीय है। उन्होने कहा कि ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि लगभग 300 वर्षो के प्रतिबंध के बाद महान पेशवाओं के प्रयास और बलिदानों से कुंभ परंपरा को पुनर्जीवित किया गया था। उसी माघ कुंभ में सनातन धर्म के प्रमुख धर्मगुरु के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौनी अमावस्या जैसे पावन पर्व जो मौन, तप, करुणा और आत्मसंयम का प्रतीक माना जाता है के दिन इस प्रकार की घटना होना धार्मिक मर्यादाओं के विपरीत है।



### संवैधानिक और धार्मिक मर्यादाओं का उल्लंघन

श्री तिवारी ने कहा कि धर्माचार्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को पुलिस द्वारा रोकना और उनके समर्थकों के साथ धक्का-मुक्की अशोभनीय है। यह सत्ता के अहंकार का प्रतीक है। पुलिस को संविधान से संचालित होना चाहिए, न कि सत्ता के दबाव से उन्होंने यह भी कहा कि शिखा केवल केश नहीं, बल्कि ब्रह्मचर्य, तप, विद्या और सनातन परंपरा की पहचान है। किसी सन्यासी या शिष्य के साथ इस प्रकार का व्यवहार सांस्कृतिक मूल्यों पर आघात है।

### मौन अब साधना नहीं, चिंता का विषय

अर्जुन तिवारी ने कहा कि सनातन समाज लंबे समय से सहनशीलता के नाम पर अपमान सहता आ रहा है, लेकिन अब यह मौन साधना नहीं बल्कि चिंता का विषय बनता जा रहा है। जब धर्म और परंपरा पर प्रहार होता है, तब चुप रहना भी अधर्म के समर्थन के समान हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### संगीता साहू बनीं जिला भाजपा महिला उपाध्यक्ष



**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी ने जिला महिला मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। सोमवार रात उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से सूची जारी करते हुए संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपीं। जारी सूची के अनुसार जिले में 6 उपाध्यक्ष, 5 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 30 कार्यकारिणी सदस्य, 10 स्थायी आमंत्रित सदस्य, 25 विशेष आमंत्रित सदस्य एवं 14 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसमें संगीता साहू को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी तथा महिला सशक्तिकरण के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने भी सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# हरिनछपरा धान खरीदी केंद्र में भारी अव्यवस्था, किसान व कर्मचारी परेशान

## चबूतरे कम, सड़क कच्ची, शौचालय–पानी–बिजली का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏩बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर बोड़ला विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हरिनछपरा स्थित धान खरीदी केंद्र इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं का सामना कर रहा है। शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए नया धान खरीदी केंद्र तो बनाया गया, लेकिन पर्याप्त संसाधन और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में यह केंद्र किसानों व कर्मचारियों दोनों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।

धान खरीदी केंद्र में केवल चार चबूतरे का निर्माण किया गया है, जबकि इस केंद्र के अंतर्गत 7 से 10 गांवों के किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं। धान की अधिक आवक के कारण अब बोरे जमीन पर रखने की नौबत आ गई है, जिससे समस्या और भी बढ़ गई है। खुले आसमान के नीचे धान रखा जा रहा है और बोरे पहाड़ जैसे ढेर में तब्दील होते जा रहे हैं। उठाव की गति धीमी होने के कारण केंद्र में लगातार जाम की स्थिति बन रही है। धान खरीदी केंद्र ग्राम हरिनछपरा चौक से नाऊडीह जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क के किनारे तथा बिजली सब स्टेशन के पास संचालित किया जा रहा है।





यहां किसानों के लिए झोपड़ी नुमा अस्थायी कार्यालय बनाया गया है, जहां वे टोकन कटवाने के लिए मजबूर हैं। केंद्र में शौचालय, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है, जिससे किसान और कर्मचारी दोनों परेशान हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि पीएम सड़क से धान खरीदी केंद्र तक जाने वाला मार्ग कच्चा है, जिससे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मैदान छोटा होने के कारण ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लग जाती हैं और किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।

### धान खरीदी केन्द्र हरिनछपरा में भारी समस्याएं

किसानों का कहना है कि यदि मौसम में बदलाव हुआ या बारिश हो गई तो खुले में रखा धान अंकुरित हो सकता है, जिससे न केवल किसानों बल्कि शासन को भी भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऐसे में हरिनछपरा धान खरीदी केंद्र में स्थायी कार्यालय भवन, शौचालय, बिजली-पानी की व्यवस्था, चबूतरे की संख्या बढ़ाने तथा पक्के मार्ग के निर्माण की सख्त आवश्यकता है। किसानों और कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आगामी धान खरीदी सत्र से पहले इन समस्याओं का समाधान किया जाए, ताकि धान खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके और सभी को राहत मिल सके।

# पेण्ड्रीकला में एसआईआर मतदाता सूची में नाम मिसमैच का किया सुधार



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला भाग संख्या- 198 व 199 में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत लॉजिकल एरर नाम मिसमैच का निराकरण किया गया। अभिहित अधिकारी प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, शिक्षक सुनील कश्यप, बीएलओ संतोषी चंद्राकर, बिन्दा बंजारे ने बताया कि मतदाताओं को ग्राम पेण्ड्रीकला के ग्राम पंचायत में आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासबुक या अन्य सरकारी दस्तावेज का फोटो कॉपी जिसमें पिता-पति का नाम को लेकर मैच करना जरूरी है, उनसे घर- घर जाकर आवेदन लिए गए व साथ में बीएलओ अंडरटेकिंग-प्रमाण पत्र अपलोड कर वेरीफाई किया जा रहा है।

## निधन

### विद्या देवी तिवारी



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम कोयलारी निवासी श्रीमती विद्या देवी तिवारी का निधन हो गया। स्व. श्रीमती विद्या देवी तिवारी 72 वर्ष की थी, वहीं उनकी अंतिम संस्कार सोमवार को कोयलारी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। स्व. श्रीमती तिवारी अपने पीछे पूरा परिवार छोड़कर चली गई। वे अशोक, बिरेन्द्र, दिनेश, विजय, एवं पुत्री उमा शर्मा की मां थी, उनकी निधन से तिवारी परिवार में शोक व्याप्त है।

# कुण्डा स्कूल के विद्यार्थियों को कराया गया औद्योगिक भ्रमण एवं इंटर्नशिप

हरिभूमि न्यूज ⏩कुण्डा




शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल कुण्डा में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत कक्षा 9वी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को हेल्थ केयर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा में औद्योगिक भ्रमण एवं इंटर्नशिप कराया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय वस्तु के साथ-साथ कौशल विकास व रोजगारों उन्मुख शिक्षा से पारंगत करना है, इस दौरान चिकित्सा अधिकारी हेमराज ठाकुर, डॉ अजय आनंद और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्य सहयोगी स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत मलेरिया टेस्ट ब्लड टेस्ट एवं मरीज के केयर संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस इंटर्नशिप और औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम को विद्यालय के प्राचार्य जीएस मक्कड, व्यावसायिक प्रशिक्षिका लेखमनीषी साहू एवं व्याख्याता आरसी बंजारा एवं एम अलसरे की सहयोग से सफल हुआ।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नितिन नबीन को भाजयुमो मंडल कुण्डा ने शुभकामनाएं प्रेषित की

**हरिभूमि कुण्डा।** नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुण्डा की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जानकारी साझा करते हुए पुरषोत्तम निर्मलकर ने बताया नितिन नबीन भाजपा के एक प्रमुख राजनेता है, नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होना अत्यंत उत्साह और हर्ष का विषय है। युवाओं में काफी उत्साह और उमंग है, नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने के पीछे उनकी कड़ी मेहनत परिश्रम और लगन और संगठन के लिए समर्पित और लंबे समय से जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करने की क्षमता एक नई जिम्मेदारी के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी सर्वोच्च पद राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होना अपने आप में गर्व का विषय है, नितिन नबीन का जन्म 1980 में पटना बिहार में हुआ। छात्र जीवन में ही विद्यार्थी परिषद में छात्र नेता के रूप में काम किया। नितिन नबीन के पिता स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भाजपा के प्रमुख नेता थे। पिता के देहांत के बाद अपने माता के कहने पर पिता के कार्य को आगे बढ़ते हुए राजनीति में आए। 2006 में पहली बार पटना पश्चिम से विधायक चुने गए। फिर लगातार 4 बार बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। बिहार सरकार में मंत्री पद पर सड़क निर्माण मंत्री, शहरी विकास एवं आवास मंत्री और विधि एवं न्याय मंत्री रहे। वर्तमान में बिहार सरकार में मंत्री पद पर कार्यरत है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव भारतीय जनता पार्टी बिहार राज्य के प्रदेश अध्यक्ष रूप में कार्य किया है। 2023 में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में बीजेपी छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी के रूप में संगठन में मजबूती से काम करते हुए। छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंक कर भारतीय जनता पार्टी कि सरकार बनाने में सफल रहे। वर्तमान में छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। छात्र राजनीति से लेकर संगठन के विभिन्न पदों पर कार्य किया है। अपनी सादगी और संगठनात्मक कुशलता और बूथ स्तर से शीर्ष नेतृत्व तक समन्वय बनाने की क्षमता से जाने जाते हैं। संघर्ष और मेहनत के दम पर आगे बढ़ाने वाले नेता के रूप में जाने जाते हैं यही कारण है की नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और उमंग है निश्चित रूप से नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुण्डा ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के ताजपोशी पर भाजपा मण्डल कुण्डा ने की आतिशबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏩कुण्डा

विश्व की सबसे बड़े राजनैतिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर नितिन नबीन के ताजपोशी पर भाजपा मण्डल कुण्डा ने आतिश बाजी कर खुशी जाहिर की। मंगलवार को छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को भाजपा ने विधिवत राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा की नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के ताजपोशी होते ही देश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एवं मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की, इसी कड़ी में भाजपा मण्डल कुण्डा ने अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के नेतृत्व में विधायक कार्यालय कुण्डा में कार्यकर्ताओं ने आतिश बाजी कर एवं मिठाई खिलाकर मंगल उत्सव मनाया। इस अवसर पर बालमुकुंद चंद्रवंशी, मनहरण साहू, दिनेश मिश्रा, गणेश यादव, संतोष ध्रुव, मनोज ठाकुर, नकुल सागर, देवेंद्र चंद्रवंशी, रमन खनूजा, सूरज यादव, साहेब लाल सोनवानी, नीलेश गुप्ता, शेखर चंद्रवंशी, राजकुमार कश्यप, प्रताप सेन, लव साहू, कोमल साहू, राजेश यादव, सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## कथक नृत्य में दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी को दूरदर्शन रायपुर की बी-ग्रेड मान्यता

# छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏩कोलेगांव

छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और संस्कृति की सुगंध अब राष्ट्रीय धरातल पर अपनी पहचान को और अधिक सुदृढ़ कर रही है। इसी कड़ी में कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम सैहामालगी निवासी दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी ने कथक नृत्य के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। ग्राम सैहामालगी निवासी शिक्षक रामजी चंद्रवंशी की सुपुत्री दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी को दूरदर्शन रायपुर द्वारा कथक नृत्य की बी-ग्रेड कलाकार की मान्यता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर उनकी निरंतर साधना और प्रतिभा का प्रमाण है। दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से कथक नृत्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने अपनी गुरु डॉ नीता गहरवार के कुशल मार्गदर्शन में विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही कथक की सीनियर कलाकार डॉ रानी सिंह से भी उन्हें निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहा।



अपनी उपलब्धि पर दुर्गेश्वरी ने कहा कि यह सफलता केवल मेरी नहीं है, बल्कि उन सभी लोगों की है जिन्होंने मुझे कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस सम्मान का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता एवं समस्त परिवार को दिया। इस अवसर पर उनके पिता रामजी चंद्रवंशी सहित परिवारजनों एवं ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दुर्गेश्वरी की इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरा ग्राम सैहामालगी और क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हादसा: राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के बीच भी नहीं थम रहे जिले में सड़क हादसे

# एनएच में दर्दनाक सड़क हादसा बुलेट सवार ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कहने को तो इन दिनो जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस एवं यातायात विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा तथा कथित रूप से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित आवागमन का पाठ पढ़ाया जा रहा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग की इस तथा कवायद का कोई प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है। आलम ये है कि जिले की सड़कों में न तो वाहन चालकों की लापरवाही कम होते दिख रही है और न ही सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम ले रही है। बीते सोमवार की बात की जाए तो जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर ग्राम ताईतिरनी के पास पलट गया था। हालांकि इस दुर्घटना में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। लेकिन सोमवार की ही रात कवर्धा कोतवाली अंतर्गत रायपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में स्थित ग्राम मगरदा के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बुलेट चालक की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद बाइक चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।




### शराब के नशे में धुत्त था स्कूटी सवार दूसरा चालक

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर मगरदा गांव के पास नशे में धुत एक स्कूटी सवार युवक और बुलेट के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी सवार युवक नशे की हालत में था और तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। इसी दौरान उसकी स्कूटी बुलेट से टकरा गई। दोनो वाहनो के बीच टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुलेट सवार नरेंद्र साहू निवासी ग्राम दुबहा के सिर पर गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### आरोपी वाहन चालक पुलिस हिरासत में

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कवर्धा पुलिस को दी। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामूली रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद निगरानी में रखा है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। कोतवाली पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में नशे में वाहन चलाना और तेज रफ्तार हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस ने लोगों से एक बार फिर अपील की है कि नशे की हालत में गाड़ी न चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

# दहेज के लिए बेटी की हत्या का आरोप, पति गिरफ्तार



- पीड़िता के पिता ने सास, ससुर को भी गिरफ्तार किए जाने पुलिस से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम महाराटोला से दहेज प्रताड़ना का सनसनी खेज मामला सामने आया है। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि पति ने दहेज को लेकर पहले पत्नी की बेरहमी से पिटाई की, फिर उसे जहर पिलाकर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी पति जोहन साहू ने अपने जुर्म को छिपाने के लिए पत्नी लोकेश्वरी को लोहारा अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। हत्या के आरोप में आरोपी पति जोहन साहू को गिरफ्तार कर लिया गया है। मायके पक्ष के परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर लोकेश्वरी के साथ मारपीट की और जहर पिलाकर उसकी हत्या कर दी। परिजनों ने आरोपी के माता-पिता की भी घटना में संलिप्तता होने का आरोप लगाया है। इस मामले में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल ने परिजनों की शिकायत सुनी और बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों की भूमिका की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 को

**कवर्धा।** जिले में 25 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11.00 बजे से स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (रानी दुर्गावती चौक), कवर्धा के सभाकक्ष में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान नए एवं युवा मतदाताओं को बैच पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

### गणतंत्र दिवस पर जिले में शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दिन कबीरधाम जिले में संचालित सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें, कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफ.एल.-3(ग) पर्यटन बार, मद्य भण्डारण भाण्डागार तथा मदिरा दुकानों से संलग्न अहाते पूर्णतः बंद रहेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि शुष्क दिवस के दौरान मदिरा का किसी भी प्रकार का अवैध विक्रय, भंडारण अथवा परिवहन न हो, यह सख्ती से सुनिश्चित किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा महिला मोर्चा ने जिला कार्यकारिणी घोषणा

**कवर्धा।** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। उन्होंने सोमवार रात सोशल मीडिया पर 6 उपाध्यक्ष, 5 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 30 कार्यकारिणी सदस्य, 10 स्थायी आमंत्रित सदस्य, 25 विशेष आमंत्रित सदस्य व 14 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति कर सूची जारी किए है।

### कलेक्टर जनदर्शन में समस्या का हुआ समाधान

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव को कलेक्टोरेट में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बम्हनीभांठा निवासी श्रीमती मधुबाला साहू एवं श्रीमती केशरीबाई साहू ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर ने अधिकारियों को आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते पात्रता संबंधी परीक्षण कर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत श्रीमती मधुबाला साहू एवं श्रीमती केशरीबाई साहू को गैस कनेक्शन एवं चूल्हा प्रदान किया गया।

# सनातनी हिन्दूओं के प्रतिनिधि मण्डल ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

### युपी में सनातनी धर्मगुरूओं के साथ दुर्व्यवहार मारपीट किए जाने की निंदा



- सनातनियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

समस्त सनातनी हिन्दूओं के प्रतिनिधि मण्डल ने सोमवार को जिला कार्यालय कवर्धा में कलेक्टर से मुलाकात कर हिन्दू धर्म के पीठाधीश्वर ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्केश्वरानंद एवं उनके शिष्यों के साथ हुए दुर्व्यवहार मारपीट की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने एवं दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध में समस्त सनातनी हिन्दूओं ने अपने ज्ञापन में कहा कि ज्योतिषपीठ के पीठाधीश्वर पूज्य शंकराचार्य स्वामी अविमुनक्तेश्वरानंद महाराज एवं उनके शिष्यों के साथ उत्तरप्रदेश में पुलिस प्रशासन द्वारा जो दुर्व्यवहार, बल प्रयोग एवं अपमानजनक आचरण किया गया, वह केवल किसी एक संत या संस्था पर किया गया आक्रमण नहीं है, बल्कि यह समस्त हिन्दू समाज की आस्था, परंपरा और धर्मिक स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है। शंकराचार्य परंपरा हजारों वर्षो से सनातन धर्म की रही है।

ऐसे में शंकराचार्य के साथ इस प्रकार का व्यवहार होना केवल निंदनीय है, बल्कि यह हमारे संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और सम्मान के भी विरुद्ध है। इस घटना से सर्व हिन्दू समाज आक्रोशित है। समस्त सनातनी हिन्दूओं ने मांग की है कि इस घटना की जांच पूर्ण होने तक घटना के लिए उत्तरदायी पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी (कमिश्नर स्तर) एवं संबंधित कलेक्टर को तत्काल निलंबित किया जाए, दोष सिद्ध होने पर संबंधित अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी धर्मगुरु, संत या धार्मिक परंपरा के साथ इस प्रकार का आचरण दोहराया न जा सके तथा शंकराचार्य एवं संत समाज की गरिमा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

### सांसद ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को दी बधाई



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता संतोष पांडेय ने दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में हिस्सा लिया। उक्त चुनाव में नितिन नवीन निर्विरोध भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। सांसद संतोष पांडेय ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से सौजन्य भेंट कर उन्हें नवदायित्व की बधाई और यशस्वी कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। सांसद पांडेय ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नितिन नवीन का राजनीतिक जीवन संघर्ष, परिश्रम और समर्पण की जीवंत मिसाल रहा है। छात्र राजनीति से लेकर संगठन के विभिन्न दायित्वों तक, उन्होंने हर भूमिका को पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के रूप में उन्होंने हमारा कुशल मार्गदर्शन किया। उनके नेतृत्व व मार्गदर्शन में बीते चुनाव में शानदार जीत हासिल हुई। अब वे देशभर के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

# कलेक्टर से ग्रामीण अंचलों में मूलभूत सुविधाओं की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के जनपद पंचायत अंतर्गत जनता को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की लंबित राशि की मांग को लेकर जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के नाम ज्ञापन सौंपा है।



ज्ञापन के माध्यम से जिले की समस्त जनपद पंचायतों से संबंधित तीन प्रमुख बिंदुओं पर मांग रखी गई। इसमें जनता की मूलभूत अधोसंरचना से जुड़ी सुविधाएं सीसी रोड निर्माण, स्वच्छता के अंतर्गत नाली निर्माण, पेयजल हेतु नल-जल योजना साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बिजली से जुड़े कार्यों के लिए आवश्यक राशि की मांग शामिल है। जनपद सदस्यों को मिलने वाली 15 वें वित्त आयोग की राशि का लंबे समय से भुगतान नहीं किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की गई। साथ ही जनपद विकास निधि की 60 प्रतिशत बचत राशि प्रदान करने तथा गौण खनिज मद की राशि प्रत्येक जनपद सदस्य को समान रूप से वितरित करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03 के प्रतिनिधि वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद से हर वर्ग इनकी जनविरोधी नीतियों का शिकार है, बीजेपी की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर साफ दिखाई देता है। जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली 15 वें वित्त, जनपद विकास निधि एवं गौण खनिज की राशि, जो पहले समय पर प्रदान की जाती थी जो आज पूरी तरह से अवरुद्ध है।

यह स्थिति क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की कार्यप्रणाली को उजागर करती है। श्री वर्मा ने कहा कि चुनाव से पहले बड़ी-बड़ी बातें की गईं थी लेकिन सत्ता में आते ही जनता की आवाज को अनसुना किया जा रहा है। भाजपा की सरकार में किसान, महिला, युवा, गरीब, मजदूर एवं जनप्रतिनिधि हर वर्ग स्वयं को ठगा हुआ और उपेक्षित महसूस कर रहा है।

ज्ञापन सौपने के दौरान मुख्य रूप से जनपद सदस्य तारिणी भीषम पाण्डेय , गजराज टेकाम, पवन चंद्रवंशी, नेमीचंद पटेल, श्याम मरकाम, नेकलाल मरावी, बिहारी पटेल जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# कलेक्टर वर्मा ने ली समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में केन्द्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की।

उन्होंने बैठक में पीएम आवास निर्माण, जनमन योजना के तहत निर्माण कार्यों की स्थिति, अपार आईडी निर्माण, जल जीवन मिशन सहित जिले में चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने, नियमित निगरानी रखने और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिले में चार चरणों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका दूसरा चरण 19 जनवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 26 जनवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को जिला मुख्यालय, सभी ब्लॉक मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों तथा स्कूल-कॉलेजों में ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद बड़े पैमाने पर सामूहिक वंदे मातरम् गायन किया जाएगा।

इसके साथ ही स्कूलों में बैंड के माध्यम से वंदे मातरम् से जुड़े संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड सहित छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रहेगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने इन सभी कार्यक्रमों के लिए समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

### जिले के 80 शिक्षकों की प्रधान पाठक में पदोन्नति, रिक्त पदों को दिखाने की मांग



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से जिले में एलबी संवर्ग के 80 शिक्षकों को पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि दुर्ग संभाग अंतर्गत ई-एलबी संवर्ग के 386 शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ मिला है, जिसमें 80 शिक्षक कबीरधाम जिले से हैं। कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा 19 जनवरी 2026 को जारी आदेश के अनुसार पदोन्नत शिक्षकों को प्रधान पाठक पद का वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4300 लेवल-9 प्रदान किया जाएगा। पदोन्नत शिक्षकों का पदस्थापना कॉउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा, जिसके लिए पृथक से आदेश जारी किया जाएगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने पदोन्नति हेतु शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी पदोन्नत शिक्षकों को बधाई दिया है। साथ ही कॉउंसलिंग में जिले सहित संभाग में प्रधान पाठक के समस्त रिक्त पदों को प्रदर्शित करने की मांग किया है, ताकि कॉउंसलिंग के बाद किसी भी प्रकार के संशोधन व विवाद की स्थिति निर्मित न हो। ज्ञातव्य हो टीचर्स एसोसिएशन की संभागीय टीम प्रधान पाठक पद में पदोन्नति के लिए विगत अगस्त से ही प्रयासरत रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पदोन्नति आदेश जारी हुआ है।

गाड़ाघाट, बरपानी, आमानारा, बदनापानी, धूमाछापर, लरबक्की के 281 ग्रामीण हुए शामिल

# लरबक्की में एसबीआई संजीवनी टीम का विशेष जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम कबीरधाम के तत्वावधान में ग्राम लरबक्की में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना एवं उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित करना रहा। इस जागरूकता शिविर में आसपास के छह गांवों जिसमें गाड़ाघाट, बरपानी, आमानारा, बदनापानी, धूमाछापर, लरबक्की से आए कुल 281 महिलाएँ एवं पुरुषों ने सक्रिय सहभागिता की। शिविर के दौरान एसबीआई संजीवनी टीम द्वारा शासन की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से दी गई। विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना (आयुष्मान कार्ड) के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार की सुविधा, श्रम कार्ड योजना के अंतर्गत श्रमिकों को मिलने वाले सामाजिक सुरक्षा लाभ, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्य एवं महत्व, तथा बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करने वाली सुकन्या समृद्धि/छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। टीम द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता प्राप्त की जा सकती है, वहीं श्रम कार्ड पंजीकरण से श्रमिकों को बीमा, पेंशन एवं अन्य शासकीय लाभ मिलते हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सम्मान को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। साथ ही सुकन्या योजना से बालिकाओं की उच्च शिक्षा एवं विवाह हेतु आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा योजनाओं से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जागरूकता सत्र के माध्यम से ग्रामीणों में योजनाओं के प्रति उत्साह एवं समझ में वृद्धि देखने को मिली। इस सफल आयोजन में ग्राम धुमाछापर के सरपंच राजेन्द्र कुंजाम, पंचगणों एवं श्रीमती उर्मिला मितानिन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं मितानिन के सहयोग से कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न किया जा सका। एसबीआई संजीवनी टीम ने सभी सहयोगियों एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम कबीरधाम द्वारा यह संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता शिविरों के माध्यम से ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी निरंतर पहुंचाई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकें।



# टैली एवं एकाउंटिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कैट ने अलग अलग क्षेत्र के व्यापारियों से मिलकर यह पाया कि सभी व्यापारियों को जीएसटी लागु होने के बाद खाताबही (एकांउंटिंग) करने हेतु कर्मचारी की कमीं है।

इस समस्या के निवारण के लिए कैट कवर्धा के जिला अध्यक्ष दीप शर्मा के पहल पर कवर्धा ईकाई ने निर्णय लिया कि कवर्धा के युवाओं एवं व्यापारियों को टैली एवं एकाउंटिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण करायेगी जिससे की व्यापारियों को कम्प्युटर में एकाउंटिंग करने का प्रशिक्षण प्राप्त होगा एवं बेरोजगार युवको द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त हो सकेगा। कैट कवर्धा ईकाई पर इस संबंध में निर्णय लिये जाने से पूर्व ही कैट के सदस्य जागेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा अपने आईसेक्ट प्रशिक्षण केन्द्र शुभम कम्प्युटर में निः शुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु सहमति दी। इस प्रशिक्षण हेतु निः शुल्क आवेदन पत्र शुभम कम्प्युटर, काली मंदिर, कवर्धा एवं दीप टेक, एकता चौक, कवर्धा से प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन पत्र की फोटो कॉपी या ऑनलाइन से प्राप्त प्रति भी भरकर शुभम कम्प्युटर में जमा की जानी है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है।

प्राप्त आवेदन के अनुसार प्रशिक्षण की तिथि एवं समय आवेदक को पृथक से दी जावेगी।